सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

DGR Detective Group Report

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 78 | इंदौर, सोमवार 30 सितंबर, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

# लौटते मानसून की बारिश से बर्बाद हो रही फसलें

## पकी-पकाई सोयाबीन के खेतों में भरा पानी



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। हाल के दिनों की भारी बारिश ने मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों में ऐसा कहर ढाया कि किसानों की सोयाबीन की फसल बर्बाद कर दी। किसान कुछ नहीं कर पा रहे। पकी हुई फसल पर लगातार हो रही वर्षा के कारण चारों ओर पानी ही पानी हो गया। खेतों ने तालाब का रूप ले लिया। ऐसे में किसान परेशान होता नजर आ रहा है।**

लगातार पिछले पांच दिनों से झमाझम वर्षा होने के कारण नदी नाले उफान पर हैं। वहीं तालाब पूरी तरह भर चुके है। आष्टा में रामपुरा डैम भी अपना टारगेट छूने को अंतिम छोर पर खड़ा है। यही हालत रहे तो रामपुरा डैम जल्दी ही लबालब भरा जाएगा और ओवरफ्लो चालू हो जाएगा।

### तेज बारिश का सबसे ज्यादा नुकसान किसानों को

तेज बारिश के कारण सबसे ज्यादा नुकसान किसानों का है। चाहे फसल कटकर खेत में पड़ी हो या फिर खलिहान में सड़ती नजर आ रही है। किसान अपनी फसल बचाने के लिए हर एक प्रयास कर रहा है।

अभी वहीं किसान थोड़ा फायदे में है, जिसने अपनी फसल निकाल ली है। हालांकि इस बार सायोबीन की पैदावारी कम हो रही है। उपर से जो फसल खड़ी है। वह भी बर्बाद होने के कागार पर है।

लगातार वर्षा के कारण किसान खेतों में कटाई नहीं कर पा रहे हैं। अगर काट भी ले हैं, तो फिर सड़ने का नुकसान है। विदाई की ओर जा रही वर्षा का कहर इस कदर है कि किसान पूरी तरह बर्बादी की ओर पहुंच चुका है।

### धान की फसल को भी नुकसान

दो दिनों की जोरदार वर्षा से धान की फसल आड़ी होने लगी है। अधिकांश गांवों में इस साल 80 से 90 प्रतिशत किसानों ने धान की रोपाई की है, जबकि सोयाबीन मात्र 10 से 20 प्रतिशत ही किसानों ने बोया है।

### प्रदेश के ज्यादातर जिलों में धूप निकलेगी

मौसम वैज्ञानिक अभिजीत चक्रवर्ती के मुताबिक, बारिश कराने वाला सिस्टम अब थम जाएगा। ऐसे में तेज धूप निकलने का अनुमान है। इससे पहले रविवार को इंदौर, भोपाल, उज्जैन, शिवपुरी, रतलाम समेत प्रदेश के 10 जिलों में पानी गिरा।

### मंडला में सबसे ज्यादा पानी गिरा, सिवनी दूसरे नंबर पर

इस साल मानसूनी बारिश के मामले में जबलपुर संभाग सबसे आगे है। मंडला जिले में सबसे ज्यादा बारिश हुई है। यहां 60.5 इंच से ज्यादा पानी गिर चुका है। सिवनी में 56.8 इंच पानी गिरा है। श्योपुर-निवाड़ी में 52 इंच बारिश हुई है। सबसे ज्यादा बारिश वाले टॉप-10 जिलों में भोपाल, सागर, राजगढ़, अलीराजपुर, छिंदवाड़ा और सीधी भी शामिल हैं।

### शिवपुरी के अटलसागर डैम के गेट खुले

रविवार को शिवपुरी स्थित अटलसागर डैम के दो गेट खोल दिए गए। भोपाल के कोलार, कलियासोत, भदभदा और केरवा डैम में भी पानी बढ़ा। बता दें कि इस सीजन में प्रदेश के करीब ढाई सौ में से 200 डैम फुल हो चुके हैं। बरगी, बाणगंगा, ओंकारेश्वर, इंदिरा सागर, तवा, कलियासोत, केरवा, भदभदा समेत कई डैम ऐसे हैं, जिनके गेट सीजन में 6 से 10 बार या इससे अधिक खुल चुके हैं।

## उज्जैन में दीवार गिरने के मामले में बड़ी कार्रवाई, महाकाल टीआई और एसआई सहित पांच लोग निलंबित



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। महाकाल मंदिर के सामने की दीवार गिरने के मामले में प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल के निर्देश के बाद अब अधिकारी कर्मचारियों पर कार्रवाई होनी शुरू हो गई है। पहले महाकाल थाने के टीआई और एसआई को एसपी ने निलंबित किया। इसके बाद कलेक्टर के निर्देश पर निगम कमिश्नर ने भी कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण गैंग नियंत्रक प्रभारी उपयंत्री और महाकाल क्षेत्र के विशेष गैंग प्रभारी पर निलंबन की गाज गिरा दी। साथ ही महाकालेश्वर मंदिर के सुरक्षा अधिकारी को भी निलंबित कर दिया गया है।**

प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल ने दुर्घटना स्थल का मुआयना किया था। उन्होंने लड्डू यूनिट जाकर भी इसकी गुणवत्ता की जांच की थी। इसी दौरान उन्होंने संकेत दे दिए थे कि कार्रवाई तो होगी। इसी को देखते हुए अवैध दुकानों पर कार्रवाई नहीं करने को लेकर एसपी प्रदीप शर्मा ने महाकाल थाने के टीआई अजय वर्मा और बीट प्रभारी एसआई भरत सिंह निगवाल को निलंबित कर दिया।

साथ ही महाकालेश्वर मंदिर के आसपास के क्षेत्र में अस्थाई अतिक्रमण हटाने के कार्य में लापरवाही पर उज्जैन कलेक्टर नीरज कुमार सिंह के निर्देश पर निगम आयुक्त आशीष पाठक द्वारा आदेश जारी कर अतिक्रमण गैंग नियंत्रक अधिकारी प्रभारी उपयंत्री नगर निगम गोपाल बोयत एवं महाकाल, हरसिद्धि अतिक्रमण रिमूवल विशेष गैंग प्रभारी मनीष बाली को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। वहीं, महाकाल मंदिर के सुरक्षा अधिकारी प्लाटून कमांडर दिलीप बामनिया पर निलंबन की गाज गिर गई।

जारी आदेशानुसार प्रभारी उपयंत्री एवं विशेष गैंग प्रभारी नगर निगम को सम्पूर्ण महाकाल क्षेत्र से अस्थाई अतिक्रमण हटाने के दायित्व सौंपे गए थे। कार्य के प्रति लापरवाही से महाकाल मंदिर के समीप दीवार के पास अस्थाई अतिक्रमण कर व्यवसाय करने वाले व्यवसायियों पर दीवार गिरने से दो व्यक्तियों की उक्त दुर्घटना में मृत्यु हुई और अन्य व्यक्ति भी घायल हुए थे, जिसके कारण लापरवाही प्रतिपादित होने से प्रभारी उपयंत्री नगर निगम बोयत एवं विशेष गैंग प्रभारी नगर निगम बाली को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। वैसे माना जा रहा है कि इस मामले में स्मार्ट सिटी भी कम दोषी नहीं है। महाराजवाड़ा स्कूल को रिनोवेट कर यहां पर महाकाल फेज-2 के तहत हेरीटेज होटल बनाने का काम चल रहा है, जिसे स्मार्ट सिटी और उज्जैन विकास प्राधिकरण द्वारा मूर्तरूप दिया जा रहा है। इनके इंजीनियरों द्वारा निर्माण कार्यों में बरती गई लापरवाही के परिणाम स्वरूप ही दीवार गिरने का हादसा हुआ है।

## दो परिवारों में विवाद के बाद मारपीट

इंदौर। पानी के टैंकर का रास्ता रूकने पर गली में लगा पत्थर हटाने के बात पर हुए विवाद में दो परिवारों के बीच जमकर मारपीट हो गई। पुलिस ने दोनों पक्षों की ओर से केस दर्ज किया है। द्वारकापुरी पुलिस के मुताबिक विवाद गुरूशंकर नगर में हुआ। एक पक्ष से पुष्पा पति कमलेश गड़वाल की रिपोर्ट पर आरोपी कृष्णदास के खिलाफ केस दर्ज किया गया। महिला ने पुलिस को बताया कि मैंने अपने घर पानी का टैंकर बुलवाया तो आरोपी कृष्णदास ने रास्ते में फर्शी और पत्थर लगा दिए। मैंने कहा कि टैंकर अंदर कैसे आएगा पत्थर हटा लो तो उसने पत्थर नहीं हटाए। इस पर मैंने पत्थर हटा दिया था। इसी बात को लेकर आरोपी ने मुझे गालियां दी और मारपीट की। इससे चोट आई। उधर दूसरे पक्ष से पुलिस ने कृष्णादास पिता रामचंद्र सेठी(65) निवासी एक्सटेंशन गुरूशंकर नगर की रिपोर्ट पर आरोपी कमलेश और पुष्पा निवासी गुरूशंकर नगर के खिलाफ केस दर्ज किया गया। फरियादी ने पुलिस को बताया कि पुष्पा और कमलेश ने मुझे बोला कि पेड़ क्यों नहीं हटाया और दोनों ने मुझे गालियां दी। मैंने गाली देने से मना किया तो उन्होंने हाथ मुक्कों से मारपीट किया। इससे गले,छाती, चेहरे और हाथ में चोट आई।

# विद्युत मंडल के खिलाफ महिलाओं ने बजाई थाली

**लाल बंगला रहवासी संघ ने अघोषित कटौती के विरुद्ध किया प्रदर्शन, नारेबाजी भी की**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। आए दिन की जा रही अघोषित कटौती के खिलाफ जनता उतरी मैदान में उतर आई। लाल बंगला रहवासी संघ ने 29 सितंबर की दोपहर को न्यू देवास रोड पर यह प्रदर्शन किया और विद्युत मंडल के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाए। रहवासी संघ के विकास जैन सतभैया, महेंद्र जोशी और नरेश नरुका ने बताया कि पिछले 4 महीनों से आए दिन घंटों-घंटों तक बगैर सूचना लगातार कटौती की जा रही है। कभी सुबह कभी रात, जिससे रहवासियों का जीना दुश्वार हो गया है। इसमें प्रमुख क्षेत्र मालवा मिल, न्यू देवास रोड़, पंडितजी की चाल, गौशाला, दुबे का बगीचा, वल्लभनगर शामिल है।



### शिकायतें की पर कोई निराकरण नहीं निकला

रहवासियों ने बताया कि कई बार वरिष्ठ अधिकारियों को शिकायतें की, फिर भी कोई निराकरण नहीं निकला, जबकि हर माह विद्युत मंडल का बिल भरा जा रहा है, लेकिन सुविधा के नाम पर सिर्फ अंधेरा मिल रहा है। अब जाकर रहवासी ने विद्युत मंडल के कुंभकरण की नींद में सोए हुए अधिकारियों को जगाने के लिए महिलाओं ने थाली चम्मच बजाकर व बच्चों ने हाथों में तख्तियां लेकर विरोध प्रदर्शन किया। पुरुषों ने हाथों में लालटेन और चिमनी ले रखी थी। बच्चों के हाथों में तख्तियां थी, जिसमें लिखा था- प्रधानमंत्री जी कहते हैं बेटी पढ़ाओ..विद्युत मंडल कहता है अंधेरे में पढ़ाई करो...लाइट न होने के कारण.. डेंगू मच्छरों से परेशान हो रहे हम बच्चे, ध्यान दो ध्यान दो।

### जिम्मेदारों को चूड़ी भेंट करेंगी महिलाएं

अगर विद्युत मंडल अपनी बिजली डीपी व केबल की समस्या का हल नहीं करते हैं और 3 दिन में सुनवाई नहीं करते हैं तो रहवासी संघ पाटनीपुरा जोन पहुंचेंगे और महिलाएं चूड़ी भेंट करेंगी। रहवासी संघ द्वारा क्षेत्रीय विधायक महेंद्र हार्डिया को भी अवगत करवाया। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर शिकायत की है। प्रदर्शन के दौरान जनप्रतिनिधि के रूप में टकउ सदस्य व क्षेत्रीय पार्षद नंदकिशोर पहाड़िया भी मौजूद रहे। उन्होंने भी अधिकारी को मौके बुलाकर अल्टीमेटम दिया और कहा कि कुछ भी बहाना नहीं चलेगा, समस्या हल होनी चाहिए।

### प्रदर्शन में बड़ी संख्या में शामिल थे रहवासी

प्रदर्शन में प्रमुख रूप से योगेश जैन, गिरीश जैन, राधेश्याम नरूका, पूनमचंद सतभैया, रमेश जैन, पप्पू यादव, हेमराज शर्मा, पंकज गज्जर, विवेक जैन, प्रकाश नरूका, केतन जैन, जगदीश जैन, कैलाश नेकाड़ी, निर्मल जैन, अर्पित जैन, हेमंत जैन, गोविंद गहलोत सहित बड़ी संख्या में महिलाएं व बच्चे भी शामिल थे।

## राष्ट्रीय कवि पंडित सत्यनारायण "सत्तन"का अभिनंदन व स्वागत किया



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। रविंद्र नाट्य गृह में हुए कवि सम्मेलन में शानदार प्रस्तुति पर प्रमुख हिन्दी अखबार 'आदित्य की आवाज'परिवार द्वारा शुभकामनाएं दी व बधाई दी। अग्रसेन चौराहे पर होने वाला कवि सम्मेलन बारिश क़े कारण रविन्द्र नाट्य गृह में आयोजित किया गया। जहां पर मध्यप्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक गोलू शुक्ला के अलावा अग्रवाल समाज के वरिष्ठजन उपस्थित थे इस अवसर पर भाजपा क़े वरिष्ठ नेता व राष्ट्रीय कवि सत्यनारायण ' सत्तन' का संस्था 'आदित्य'क़े संयोजक सचिन नीमा द्वारा उन्हें मूमेंटो व अभिनंदन पत्र व केशरिया उपरना ओढा कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उमेश पांडे,सुरेश वर्मा,रूपेश भाई, प्रवीण मौर्य, संजय सैनी, विनोद निगम,रवि खिंची,मनीष शिंदे आदि उपस्थित थे।

## नर्मदा एक्सप्रेस और अजमेर-दुर्ग एक्सप्रेस सहित 6 ट्रेने निरस्त

**असुविधा के चलते मंडल ने जारी किया यात्री रेलवे हेल्प लाइन नंबर 139**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। बीरसिंहपुर रेलवे स्टेशन को तीसरी रेललाइन से जोडने का कार्य 3 अक्टूबर से प्रारम्भ होगा। इसके चलते बिलासपुर-इंदौर नर्मदा एक्सप्रेस, भोपाल-बिलासपुर एक्सप्रेस और अजमेर-दुर्ग एक्सप्रेस को अलग अलग तारीखों पर निरस्त किया गया है। रेल मंडल के अधिकारियों ने बताया कि इस कार्य के पूर्ण होते ही गाडियों की समय बद्धता एवं गति में तेजी आएगी। इसके अलावा किसी भी प्रकार की असुविधा के चलते यात्री रेलवे हेल्प लाइन नंबर 139 और एनटीईएस एप से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

**यह ट्रेने हुईं निरस्त-**

18234 बिलासपुर-इंदौर नर्मदा एक्सप्रेस (30 सितंबर से 11 अक्टूबर )
18233 इंदौर-बिलासपुर नर्मदा एक्सप्रेस (1 से 12 अक्टूबर )
18236 बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस (30 सितंबर से 10 अक्टूबर )
18235 भोपाल-बिलासपुर एक्सप्रेस (2 से 12 अक्टूबर)
18213 दुर्ग-अजमेर एक्सप्रेस (6 अक्टूबर )
18214 अजमेर-दुर्ग एक्सप्रेस (7 अक्टूबर)

# विश्राम बाग में चीकू के पेड़ में कीड़े लगे, 15 पेड़ काटना पड़े

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर नगर निगम के द्वारा विश्राम बाग के विकास का कार्य तो पूरा हो ही नहीं पा रहा है इसी बीच इस स्थान पर लगे हुए सालों पुराने चीकू के पेड़ में कीड़े लग गए जिसके परिणाम स्वरूप यह पेड़ खोखले हो गए। इस स्थिति को देखते हुए नगर निगम के द्वारा चीकू के 15 पेड़ काट दिए गए हैं।

निगम के द्वारा पिछले कुछ सालों से लगातार विश्राम बाग के विकास का कार्य किया जा रहा है। इस कार्य की शुरूआत उस समय हुई थी जब मालिनी गौड महा पौर थी। उनका कार्यकाल समाप्त होने के पश्चात वर्तमान महापौर पुष्यमित्र भार्गव के कार्यकाल के भी 2 साल पूरे हो गए हैं लेकिन विश्राम बाग के विकास के कार्य पूरे नहीं हो पाए हैं। विकास के कार्य चलने के साथ-साथ विश्राम बाग पर लगातार नगर निगम के द्वारा हरियाली के क्षेत्र के विकास का भी काम किया जा रहा है। यह काम कितनी गंभीरता से किया जा रहा है इसका अंदाजा तो इसी बात से लगाया जा सकता है कि यहां पर चीकू के पेड़ में कीड़े लग गए लेकिन निगम के जिम्मेदार अधिकारियों को और वहां काम करने वाले कर्मचारियों को मालूम नहीं पड़ सका।

अब जब चीकू के पेड़ पूरी तरह से खोखले हो गए तब जाकर उन्हें यह समझ में आया कि इस पेड़ में कीड़े लग गार थे। ऐसे में अब निगम की टीम के द्वारा विश्राम बाग के बगीचे में स्थित चीकू के 15 पेड़ काट दिए गए हैं। अब उनके स्थान पर नए पेड़ लगाने की बात कही जा रही है। कई सालों तक नागरिकों के द्वारा की गई मेहनत के परिणाम स्वरुप यह पेड़ तैयार हुए थे अब नगर निगम पौधे लगाकर इन पेड़ का विकल्प बताना चाहता है।

## मूर्ति को अंतिम रूप देने में जुटे कलाकार

**मूर्तियों की बढ़ी डिमांड; पिछले साल से ज्यादा है दाम**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। नवदुर्गा उत्सव के लिए मूर्तिकार देवी की प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में लगे हैं। पश्चिम बंगाल के अनेक मूर्तिकारों ने चार महीने पहले से डेरा डाल मूर्तियां बनाने का कार्य शुरू कर दिया था। पहले गणेश उत्सव और अब नव दुर्गा उत्सव के लिए कारीगर कड़ी मेहनत से रात दिन मूर्तियों को आकर देते जा रहे हैं।**



मूर्तिकारों के अनुसार इस बार हाथों से बनी मट्टी की मूर्ति की डिमांड ज्यादा है। कई नवदुर्गा उत्सव समिति के युवा सिर्फ मिट्टी की बनी मूर्तियों को लेने के लिए आ रहे हैं। मूर्तिकार के अनुसार उनके पास रतलाम, जावरा, इंदौर, देवास सहित कई जगह के ऑर्डर है। जिन्हें वक्त पर पूरा करना चुनौती है। मूर्तियों को कलर करने से पहले सूखना जरूरी है जिसमें मौसम बाधक बन रहा है। लगातार बारिश के चलते मिट्टी और कलर सूखने में समय ले रहा है। मूर्तियों की कीमत के बारे में बताते हुए मूर्तिकार ने कहा कि मूर्ति बनाने के लिए बांस, घास, मिट्टी की जरूरत होती है जो हमें महंगी मिल रही है। कारीगरों की मजदूरी भी डबल हो गई है। इसके कारण मूर्तियों की कीमतों में इजाफा हुआ है। वहीं नवदुर्गा उत्सव समितियों का कहना है कि मिट्टी की मूर्ति लेने का हमारा मकसद जल प्रदूषण को कम करना है। साथ ही हमने मूर्तिकार से मूर्ति पर वाटर कलर करने के लिए कहा है जिससे जलवायु में कम प्रदूषण हो और नदियों तालाबों में रहने वाले जीव जंतुओं पर कोई दुष्प्रभाव न हो।

## 546 परिवारों ने बैंड की भक्ति धुनों के बीच गरबा करते हुए निकाली प्रभातफेरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। अपने पितृ पुरुष महाराजा अग्रसेन के जन्मोत्सव की पूर्व बेला में अग्रवाल समाज हाईवे क्षेत्र पालदा द्वारा रविवार की सुबह संस्कृति पाम कालोनी से क्षेत्र की 26 कालोनियों के 546 परिवारों द्वारा भव्य प्रभातफेरी का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं सहित समाजबंधुओं ने परंपरागत परिधान में सज धजकर, बैंड की भक्ति धुनों के बीच गरबा करते हुए अपने पितृ पुरुष के प्रति श्रद्धा व्यक्त की। संगठन के संरक्षक अरविंद बागड़ी ने बताया कि इस अवसर पर प्रभातफेरी का 20 से अधिक स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत भी किया गया। प्रभातफेरी में अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति के अध्यक्ष राजेश बंसल, क्षेत्र के पार्षद कुणाल सोलंकी, मनीष अग्रवाल मन्नू, शिव गोयल, पवन गोयल, पंकज अग्रवाल दलिया, संजय अग्रवाल हरदा, सतीश गोयल मामा, दिलीप अग्रवाल, ईशु अग्रवाल, शशि ऐरन, पूजा सिंघल, रानी अग्रवाल, प्रतिभा अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में पुरुष एवं मातृशक्ति मौजूद रहे। इस अवसर पर आयोजित सामाजिक सम्मेलन में सभी बंधुओं ने 1 अक्टूबर को अग्रोहा कपल ग्रुप एवं जय दादी दरबार द्वारा आयोजित महाराजा अग्रसेन एवं महालक्ष्मी के भव्य आयोजन तथा 3 अक्टूबर को अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति द्वारा शाम 5 बजे राजबाड़ा से चिमनबाग मैदान तक आयोजित शोभायात्रा में शामिल होने का संकल्प व्यक्त किया।

# चाचा भतीजे को मारे चाकू, एक गंभीर

## आरोपी के दोस्त की हत्या की थी, फिर दोस्त को मारे थे पीड़ित ने चाकू, उसी को लेकर हुआ हमला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। परदेशीपुरा में एक गैंगवार को लेकर चाकूबाजी की वारदात हो गई। इसमें एक बदमाश ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर चाचा भतीजे को चाकू मार दिया। भतीजे की हालत गंभीर बनी हुई है। वह पहले एक हत्या और हत्या के प्रयास के मामले में आरोपी रह चुका है। कुछ दिन पहले आरोपी पर कठोर कारवाई को लेकर बजरंग दल के लोगो ने परदेशीपुरा थाने का घेराव करते हुए टीआई को हटाने की मांग भी की थी।**

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक घटना नंदानगर की है। यहां रात में खजराना से अपनी मीट की शॉप बंद करके आ रहे गब्बर कुरैशी और अल्फेज पर अमन बुंदेला निवासी लाल गली और उसके साथियों ने चाकूओं और बेसबॉल के डंडे से हमला कर दिया। गब्बर ने बताया कि आरोपी उनकी मोपेड के सामने आ गए। अचानक रास्ता रोका ओर ताबड़तोड़ चाकू के वार करने लगे। वह बीजेपी नेता नीरज शर्मा के घर की तरफ भागे। जहां उनके घर के अंदर घुसकर अपनी जान बचाई। इस दौरान बदमाशों ने अल्फेज पर दो और गब्बर पर एक चाकू से वार किया। वह मौके से हमला करने के बाद फरार हो गए। अमन उनके पास से रखे करीब 28 हजार रूपए लेकर फरार हो गया।

अल्फेज ने जूनी इंदौर इलाके में साल 2023 में सचिन शर्मा की चाकू मारकर हत्या कर दी थी। सचिन उस समय ट्रांसपोर्ट पर बैठा था। जेल से छूटने के बाद कुछ दिन पहले अल्फेज ने द्वपरदेशीपुरा की लालगली में अपने दोस्तो के साथ मिलकर अमन बुंदेला के दोस्त पर जानलेवा हमला कर दिया था। अमन की ट्रांसपोर्टर सचिन से गहरी दोस्ती थी। इसी हत्याकांड के बाद आरोपियों से उनकी दुश्मनी चली आ रही है।

### थाने का हो चुका है घेराव

अल्फेज ने चुनावी दौर में अमन के दोस्त को चाकू मारे थे। बजरंगदल के लोगो ने नशे और चाकूबाजी के मामले में परदेशीपुरा थाने पर प्रदर्शन किया। जिसमें टीआई पंकज द्विवेदी तक को हटाने की मांग की गई। अफसरों ने उस समय जांच का कहकर मामला टाल दिया था। रविवार रात भी पुलिस ने पूरे मामले को काफी हल्के में लिया है। इस वारदात के बाद दोनो गुटो में गैगवार होने की आशंका बढ़ गई है।

## होटल अमर विलास का बेसमेंट सील



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। जिला प्रशासन और नगर निगम द्वारा बेसमेंट में पार्किंग के स्थान पर कमर्शियल गतिविधियां संचालित करने के मामले में सोमवार सुबह फिर अभियान शुरू किया गया है। सुबह 9 बजे एसडीएम घनश्याम धनगर की टीम ने एबी रोड स्थित होटल अमर विलास का निरीक्षण किया। इस दौरान वहां बेसमेंट में बेकरी सहित अन्य गतिविधियां संचालित होना पाई गई। इस पर उसे तुरंत सील किया गया। इसके बाद अन्य बिल्डिंग के बेसमेंट को भी सील करने की तैयारी की है।

# बुलेट फिसलने से किसान की मौत

## घर लौटते समय हादसा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर धार रोड पर एक हादसे में किसान की मौत हो गई। दोस्तों ने बताया कि वह माताजी का पंडाल देखने आया था। रात में अपने घर जा रहा था तभी उसकी बुलेट फिसल गई। सिर में चोट आने से वह गंभीर घायल हो गया।**

पुलिस से मिली प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक विजय (32) पुत्र संतोष निवासी ग्राम माचल की सडक़ हादसे में मौत हो गई। रविवार रात वह विजय की बुलेट फिसलने से वह हादसे का शिकार हो गया। दोस्तों ने बताया कि उसने कुछ दिन पहले ही नई बुलेट ली थी, संभवतः वह संभाल नहीं पाया और हादसे का शिकार हो गया। रविवार रात में वह माताजी का पंडाल देखने आया था। इसके बाद वह वापस अपने घर जा रहा था। विजय के परिवार में उसके दो बच्चे और पत्नी है। वह पेशे से किसान है। पुलिस हादसे को लेकर जांच कर रही है।

# युवक की धमकी से परेशान नाबालिग ने दी जान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। भागीरथपुरा में रहने वाली 17 साल की एक नाबालिग ने रविवार शाम अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। उसे देवास का एक युवक परेशान कर रहा था। रविवार को उसने सोशल मीडिया पर धमकियां भी दीं। नाबालिग अपने घर आई छोटे भाई को बाहर भेजा और फिर फंदे पर झूल गई।**

बाणगंगा पुलिस के मुताबिक 17 साल की एक नाबालिग ने सुसाइड कर लिया। रविवार शाम वह घर में पहुंची और अपने 12 साल के भाई को गुस्से में बाहर निकाला और दरवाजा लगाकर फंदे पर झूल गई। बाद में भाई ने काफी देर तक आवाज लगाई तो आसपास के लोगों ने उसका शव फंदे पर लटके देखा।

### देवास का लडक़ा दे रहा था धमकी

परिवार ने बताया कि नाबालिग को देवास में रहने वाला गोलू उर्फ ऋषभ वर्मा नाम का लडक़ा धमकी दे रहा था। वह उसे अपने साथ रखने और शादी को लेकर दबाव बना रहा था। परिवार ने जब लडक़ी का मोबाइल देखा तो उस पर धमकी भरी कई चैटिंग मिली। इसकी जानकारी पुलिस को भी दी है। परिवार के मुताबिक नाबालिग उसके साथ दो साल से संपर्क में थी। करीब छह माह पहले गोलू उसे अपने साथ ले गया था। इस मामले में बाणगंगा थाने में केस दर्ज कराया गया था। बाद में लडक़ी को समझाइश देकर वह अपने साथ लेकर आ गए थे। लेकिन गोलू पीछा नंही छोड़ रहा था।

### लडक़े के बहन के आते रहे कॉल

लडक़ी के मामा ने बताया कि फांसी लगाने के बाद गोलू की बहन के कई मिस कॉल मृतिका के मोबाइल पर आए थे। जब परिवार वालों ने उसका फोन उठाया तब भी उसके मोबाइल पर गोलू की बहन के कॉल आते रहे। बाद में परिवार ने लडक़ी की मौत की जानकारी दी तो कॉल करने वाली लडक़ी ने अपना मोबाइल बंद कर लिया।

### तीन बहनें, एक भाई

नाबालिग के परिवार में माता-पिता मजदूरी करते हैं। उसकी एक बड़ी बहन है और छोटा भाई व बहन है। पुलिस ने नाबालिग लडक़ी का मोबाइल जब्त कर जांच शुरू कर दी है।

## कटाक्ष




# अपार्टमेंट में चल रहा था जुआ, पुलिस ने दी दबिश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। एक अपार्टमेंट में कुछ लोगों ने जुएं की की महफिल सजा रखी थी जहां वे हार जीत का जुआं लगा रहे थे। तभी पुलिस को खबर लग गई और टीम ने वहां दबिश दी और जुआरियों को पकडकर थाने ले आई। पुलिस ने इनसे ताश पत्ते और नगदी बरामद की है।

एरोड्रम थाना क्षेत्र के 60 फिट रोड की गुरूकुल कालोनी में सदाशिव गैलेक्सी अपार्टमेंट है। यहां लंबे समय से कुछल्लोग इक्_I होकर जुआ खेल रहे थे। मुखबिर से सूचना मिली तो एसीपी विवेक चौहान और टीआई राजेश साहू की टीम के सदस्य बताए गए अपार्टमेंट की छत पर पहुंचे और फिर वहां से जुआं खेल रहे पांच बुजुर्गो को गिरफ्तार कर उन्हें थाने ले आए। पुलिस टीम ने मौके से 39 हजार रूपए नगी व ताश पत्ते बरामद किए। पकड़ में आए जुआरियों के नाम दिलीप पिता भागचंद जैन(68) निवासी सदाशिव गैलेक्सी अर्पाटमेंट, अरूण पिता चिरौंजीलाल जैन(71) निवासी ओम विहार कालोनी,सुरेश पिता कल्याणमल (69) निवासी रामचंद्रनगर,संदीप पिता शायमसुंदर (59) निवासी स्कीम नंबर 71 और अनिल पिता निर्मल कुमार पाटनी (68) निवासी रेसकोर्स रोड है।पुलिसकर्मी प्राइवेट वाहन से सिविल ड्रेस में अर्पाटमेंट में पहुंचे और सीधे जहां जुंआ चल रहा था वह पहुंच गए। इस तरह पुलिस ने इन जुआरियों को पकड़ा। इन सभी पर जुआ अधिनियम की धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

## गाड़ी टकराई तो कर दिया घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। गाड़ी टकराने की बात पर हुए विवाद में तीन आरोपियों ने एक युवक पर डंडों से हमलाकर घायल कर दिया। हातोद पुलिस के मुताबिक विवाद और मारपीट की घटना प्रताप चौक में हुई। घायल का नाम विनीत पिता तेजकरण सोलंकी निवासी प्रताप चौक है। उसकी रिपोर्ट पर आरोपी रवि,निखिल और शुभम के खिलाफ केस दर्ज किया है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि आरोपियों ने उसकी गाड़ी में टक्कर मार दी। इसी बात को लेकर विवाद हुआ। आरोपियों ने उसे गालियां दी। उन्हें गाली देने से मना किया तो तीनों ने मिलकर हाथ मुक्कों से पीटा और डंडो से हमला कर दिया। जान से मारने की धमकी दी।

**कार चालक ने मारी टक्कर-** कार के चालक ने तेजी से गाड़ी चलाते हुए एक युवक को टक्कर मारकर घायल कर दिया। बाणगंगा पुलिस के मुताबिक हादसा एमआर 10 टोल नाके के पास हुआ। घायल का नाम अनुराग सिंह पिता घनश्याम सिंह रघुवंशी निवासी मलय गोकुल धाम सोसायटी एरोड्रम है। उसकी रिपोर्ट पर कार क्रमांक एमपी 09 डीके 0023 के चालक पर केस दर्ज किया गया। फरियादी ने पुलिस को बताया कि आरोपी चालक ने तेज गति व लापरवाहीपूर्वक कार चलाते हुए पीछे से मेरी गाड़ी को टक्कर मार दी।

# सरकारी अस्पतालों में तैनात 12 हजार आउटसोर्स कर्मचारी जल सत्याग्रह करने को मजबूर, स्वास्थ्य सेवाओं पर असर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल**। एनएचएम सविदा आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारी संघ विगत कई वर्षों से अपनी मांगों के समर्थन में शासन स्तर पर कई बार मंत्रियों एवं विधायकों एवं वरिष्ठ अधिकारीयों से निवेदन कर चुके है लेकिन आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए शासन द्वारा कोई ठोस नीति नहीं बनाई गई। उनकी मांगों पर कोई भी विचार नहीं किया जा रहा है। अब शासन प्रशासन का ध्यान आकष्ट करने के लिए प्रदेश भर के शासकीय अस्पतालों में 12000 से अधिक कार्यरत कर्मचारी दो अक्टूबर को राजधानी भोपाल के श्यामला हिल्स के पास शीतल दास की बगिया घाट पर हजारों की संख्या में एकत्रित होंगे और 11 बजे से गांधीवादी तरीके से जलसत्याग्रह करेगे एवं शासन प्रशासन की गलत नीतियों खिलाफ विरोध प्रदर्शन करेंगे।



### इन प्रमुख मांगों को लेकर जलसत्याग्रह

1. नेशनल हेल्थ मिशन के अधीन विगत कई वर्षों तक संविदा कर्मचारियों के रूप में सेवाएं दे चुके संविदा सपोर्ट स्टाफ कर्मचारियों को शासन प्रशासन की दोहरी नीति के कारण आउटसोर्स ठेका प्रथा में शामिल किए कर्मचारियों विभाग में समक्ष रिक्त पदों पर नियमित किया जाए।
2. विगत कई वर्षों से आउटसोर्स कर्मचारी के रूप में सेवाएं दे रहे सपोर्ट स्टाफ डाटा ,एंट्री ऑपरेटर , वार्ड आया, वार्ड बॉय, सफाई कर्मी,सिक्योरिटी गार्ड, (चौकीदार) ऑक्सीजन टेक्नीशियन, अन्य सभी आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए नीति बनाई जाए एवं उन्हें न्यूनतम 21000 वेतन दिया जाए।
3. आउटसोर्स कर्मचारी के लिए शासन द्वारा16132 रुपए प्रतिमाह अनुसार बजट दिया जाता है लेकिन अधिकारियों एवं आउटसोर्स कंपनियों की कमीशन खीरी के वजह से पिछले वर्षों से मात्रा 5500-9000 तक दिए जा रहे है जिससे आउटसोर्स कर्मचारी की आर्थिक स्थिति बिगड़ती जा रही है
4. प्रदेश के कई जिलों में 3 _4 माह से वेतन भुगतान नहीं किया जाने के कारण आर्थिक स्थिति बिगड़ती जा रही है एवं रोजी-रोटी का संकट पैदा हो गया है।
5. संघ द्वारा पत्रों के माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित कराया गया इतने बड़े की घोटाले की जांच किसी उपयुक्त एजेंसी से सभी जिला हेडक्वार्टर पर जाकर जांच करवाए।
6. अधिकारियों एवं आउटसोर्स एजेंसियों द्वारा करोड़ों रुपए का भ्रष्टाचार किया जा रहा है उस पर रोक लगाई जाए।
7. विभाग में विगत कई वर्षों से चतुर्थ श्रेणी के हजारों पद रिक्त हैं जैसे वार्ड बॉय, चौकीदार, वायरमैन, माली, कुली, आया, दाई, भत्य एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर/निम्न श्रेणी लिपिक के हजारों पद रिक्त पदों पर आउटसोर्स कर्मचारियों को नियमित किया जाए।

## लालच में भाई जैसे मित्र को उतारा मौत के घाट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सीहोर**। अपने दोस्त के पास एक लाख रुपये देखकर दोस्त की नीयत बिगड़ गई और उसने सूनी जगह पर देखकर साथी की नृशंस हत्या कर दी और रुपए लूट लिए। शाहगंज पुलिस में चार दिन पुराने अंधे कत्ल का पर्दाफाश करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी मयंक अवस्थी ने बताया कि 25 सितंबर को फरियादी नरेशसिंह पिता बालाराम चौहान (58) निवासी ग्राम खैरी सिलगैना ने रिपोर्ट की कि मेरा लड़का अनिकेत चौहान (22) करीब 4.30 बजे शाम के आस-पास सिलगैना से हाथीपांव वाले खेत की धान देखने आया था। मैंने लड़के अनिकेत चौहान को 6.30 बजे के आसपास मोबाइल लगाया तो उसका फोन नहीं लगा। मोबाइल बंद बता रहा था, तो उसे देखने के लिए हाथीपांव वाले खेत पर आया तो रोड पर अनिकेत की मोटरसाइकिल चाबी सहित खड़ी थी। रोड किनारे मुझे खून लगा निशान दिखा तो मैं मेढ़ पकडकर अंदर खेत में पहुंचा। वहां देखा कि लड़का अनिकेत चौहान खेत में रोड से 30-35 फीट अंदर मेढ़ के साइड में पड़ा था। अनिकेत के चेहरे पर खून लगा होकर दाहिना कान कटा होकर सिर मे दाहिने तरफ किसी धारदार जैसे हथियार से चोट पंहुचाई गई थी। दाहिने भौह एवं गले पर भी चोट के निशान थे। किसी अज्ञात व्यक्ति ने मेरे लड़के अनिकेत चौहान की हत्या कर दी थी। पुलिस ने पड़ताल के बाद भूरा उर्फ राजकुमार चौहान पिता मंशाराम चौहान (25 ) निवासी ग्राम मछवाई को हिरासत में लिया। उसने बताया कि 25 सितंबर को भारतीय स्टेट बैंक डोबी के एटीएम से मृतक अनिकेत चौहान ने लगभग एक लाख रुपये मेरे सामने निकाले थे। इतने रुपये देख कर मेरी नीयत खराब हो गई और रुपयों का लालच आ जाने से मैंने अनिकेत को मौका मिलते ही मार डाला। पुलिस ने भूरा की बताई जगह से हथियार, कपड़े और 99 हजार रुपये जब्त किए।

# पिछले दस सालों में किसी भी तरह के यौन लैंगिक अपराधों में संलिप्त की होगी जांच

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्य प्रदेश में लगातार हो रहे बच्चियों के साथ घटनाओं के बाद मध्य प्रदेश शासन एक्शन मोड में आ गई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रदेश में महिला एवं बाल सुरक्षा को सुनिश्चित करने तथा शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए दिए गए निर्देश दिए हैं।**

जिसके बाद डीजीपी सुधीर सक्सेना ने वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश में यौन अपराधों की प्रभावी रोकथाम ,यौन अपराधियों की सघन जांच और यौन अपराधियों को कड़ी सजा दिलाने के लिए कार्रवाई करने सभी पुलिस अधीक्षकों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। वीसी में प्रदेश के सभी जोनल आईजी एडीजी भोपाल एवं इंदोर कमिश्नरेट के आयुक्त, सभी जिलों के एसपी तथा इंदौर और भोपाल के पुलिस उपायुक्त सम्मिलित हुए। डीजीपी सक्सेना ने कहा कि आज से ही लैगिंक अपराधों में संलिप्त रहे लोगों



के विरूद्ध अभियान चलाकर प्रदेश के सभी थाना क्षेत्रों में विगत दस वर्षों में इस तरह के अपराधों में लिप्त रहे लोगों की सघन जाँच एवं निगरानी सुनिश्चित करें। पुलिस के विभिन्न डाटा बेस से यौन अपराधियों विशेषतः एक से अधिक बार इस तरह के अपराध को अंजाम देने वाले अपराधियों की जानकारी प्राप्त करें। यदि वे अपना क्षेत्र छोड़कर अन्यत्र कहीं भी निवास कर रहे हों तो संबंधित पुलिस थाने को जानकारी दे ताकि उसकी गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा सके। अपने-अपने थाना क्षेत्र में ऐसे अपराधियों की कोई भी गतिविधी या आचरण संदिग्ध या संदेहास्पद पाए जाने पर हिदायत दें एवं आवश्यक होने पर बॉउन्ड ओवर सहित विधि अनुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करें। पुनरावृत्तिकर्ता अपराधियों की हिस्ट्रीशीट आवश्यक रूप से तैयार करें तथा आदतन अपराधियों पर विशेष नजर रखें। उन्होंने कहा कि शासन की मंशानुसार पॉस्को एक्ट तथा अन्य यौन अपराधों संबंधित फास्ट ट्रेक कोर्ट में चल रहे मामलों के त्वरित निराकरण के लिए निरंतर फॉलोअप लें तथा डीपीओ और अन्य संबंधित अधिकारियों से सतत् संपर्क कर पीड़ित को त्वरित न्याय तथा अपराधी को कड़ी सजा दिलाने के लिए सार्थक प्रयास करें। डीजीपी सक्सेना ने कहा कि प्रदेश के सभी स्कूलों में सुप्रीम कोर्ट द्वारा बच्चों की सुरक्षा एवं संरक्षा के संबंध में जारी गाइडलाइन के अनुरूप जिला प्रशासन के सहयोग से सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि सभी स्कूलों के समस्त स्टॉफ का पुलिस वेरिफिकेशन अनिवार्यतः कराया जाए। साथ ही स्कूल परिसर के आसपास के लोगों तथा रास्तों पर भी सजग चौकसी रहे। परिसर/वाहनों में सीसीटीवी कैमरों का चालू रहना सुनिश्चित किया जाए। किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि संदेहास्पद व्यक्ति पाया जाने पर नजरअंदाज न करें, पूरी जांच पड़ताल कर आवश्यक कदम उठाएं।

## शिवराज का काफिला रोका वादा याद दिलाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सीहोर**। सीहोर जिले के दौरे पर पहुंचे केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का काफिला रोक कर अतिथि शिक्षकों (गेस्ट टीचर्स) ने वादा पूरा करने की मांग की।



रविवार को भैरूंदा में अतिथि शिक्षकों ने शिवराज से कहा, 'आपसे ही आस है मामा जी।' शिक्षकों ने उन्हें मध्यप्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह का बयान याद दिलाते हुए कहा कि बयान तो आपने सुना ही होगा। इस पर शिवराज ने कहा, 'मैं देखता हूं। घोषणा पूरी करने के लिए मैं पूरी ताकत लगाऊंगा।' बता दें, मध्यप्रदेश का मुख्यमंत्री रहते हुए शिवराज ने अतिथि शिक्षकों को नियमित करने की बात कही थी। वर्तमान में 70 हजार अतिथि शिक्षक नियमित किए जाने को लेकर आंदोलित हैं। इससे पहले वे केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से भी अपनी बात रख चुके हैं।

# प्राइवेट स्कूल में 10वीं के छात्र ने किया 5 साल की बच्ची से रेप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम**। रतलाम के एक प्राइवेट स्कूल में 5 साल की बच्ची के साथ रेप का मामला सामने आया है। बच्ची के साथ गलत हरकत करने वाला स्कूल के चौकीदार का नाबालिग बेटा है। वह भी इसी स्कूल की दूसरी ब्रांच में 10वीं का छात्र है।

शनिवार को जब बच्ची को लेकर सिविल ड्रेस में पुलिस स्कूल पहुंची, तो आरोपी को देख मासूम ने इशारे में कहा- इसे गोली मार दो। तफ्तीश के बाद शनिवार देर रात पुलिस ने एफआईआर की। आरोपी को पकड़कर बाल संप्रेक्षण गृह भेज दिया है। शहर के औद्योगिक इलाके के एक स्कूल में बच्ची यूकेजी में पढ़ती है। बच्ची की मां ने पुलिस में शिकायत करते हुए बताया, 'बेटी को स्कूल छोड़ने और लाने का काम मेरी बहन करती है। तीन दिन से बेटी को बुखार आ रहा था। टॉयलेट कम हो रही थी। 27 सितंबर की रात बच्ची टॉयलेट के लिए उठी। उसने अपनी मौसी को बताया



कि उसे जलन हो रही है। बहन ने मुझे उठाया। हमारे पूछने पर बेटी बोली कि एक लड़का गंदी हरकत करता है।' बच्ची की मां के मुताबिक, 'बेटी यह बता ही रही थी, तभी मेरी बहन को कुछ याद आया। उसने बताया कि 24 सितंबर को जब वह बेटी को स्कूल से लेकर आ रही थी, तब उसके टी-शर्ट के बटन खुले हुए थे। उसका पूरा शरीर लाल था और तेज बुखार से तप रहा था। सुबह होने पर पिता और भाई को यह बात बताई, इसके बाद हम बच्ची को स्कूल लेकर गए। बच्ची ने वो जगह बताई, जहां उसके साथ गलत हरकत की गई थी। उसने आरोपी लड़के को भी पहचाना।'परिजन ने स्कूल मैनेजमेंट से शिकायत की, इसके बाद शनिवार को ही औद्योगिक थाने पहुंचकर एफआईआर कराई। पुलिस जांच में सामने आया है कि स्कूल की तीसरी मंजिल पर चौकीदार का कमरा बना हुआ है। इसी कमरे में ले जाकर आरोपी छात्र ने बच्ची के साथ गलत हरकत की है। जांच में यह भी सामने आया है कि स्कूल मैनेजमेंट ने सिर्फ ग्राउंड फ्लोर तक सीसीटीवी कैमरे लगा रखे हैं। ऊपरी मंजिल पर कैमरे ही नहीं है।

## संपादकीय


# नफरत भरी मानसिकता और पीड़ित बचपन

राजधानी दिल्ली में एक नाबालिग किशोर के साथ हुई बर्बरता यही दर्शाती है कि कम उम्र के बच्चों के लिए खतरा और बढ़ता जा रहा है। दिल्ली के जहांगीरपुरी इलाके में रहने वाले चार लोगों ने बंदूक की नोक पर सत्रह वर्ष के एक बच्चे को न केवल बुरी तरह मारा-पीटा, घसीटा, जूते चाटने पर मजबूर किया, बल्कि उसे परेशान और अपमानित करने के लिए उसका यौन उत्पीड़न भी किया और इस सबका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिया। अंदाजा लगाया जा सकता है कि किशोर से ऐसा बर्ताव करने वाले आरोपी किस कदर घृणा और विकृति से भरे हुए होंगे। आरोपियों के भीतर न केवल कानून का खौफ नहीं था, बल्कि वे इस बात को लेकर भी बेफिक्र थे कि जब कानून के हाथ उन तक पहुंचेंगे तब उन्हें क्या सजा मिल सकती है। सही है कि आपराधिक घटनाएं पहले भी होती रही हैं। मगर आपराधिक मानस वालों के और ज्यादा विकृत होते जाने की क्या वजहें हो सकती हैं और अपराधियों के निशाने पर अब कम उम्र के बच्चे ज्यादा क्यों आने लगे हैं। दरअसल, पिछले कुछ समय से अपराधों की बदलती प्रकृति और उसमें निशाने पर बच्चों का आना गंभीर चिंता की बात है। आए दिन ऐसी वारदात सामने आ रही हैं, जिसमें या तो किसी बच्चे की हत्या कर दी गई या फिर उसे बुरी तरह प्रताड़ित किया गया। जो लोग पहले से ही अपराध की दुनिया में होते हैं, उनके लिए कमजोर होने के नाते बच्चे आसान शिकार होते हैं, वहीं आसपास बदलते माहौल, अपराध और अश्लील सामग्री तक बेलगाम पहुंच की वजह से कई बार सहज जीवन जीते कुछ लोग भी विकृति का शिकार होकर बच्चों को निशाना बनाते हैं। हाल ही में हाथरस में एक स्कूल के संचालक ने महज अपने स्कूल की तरक्की के लिए अंधविश्वास में आकर एक बच्चे की बलि देनी चाही और बच्चे के शोर मचा देने पर उसकी गला दबा कर हत्या कर दी। यानी चौतरफा बनती परिस्थितियों में बच्चों के जीवन के सामने खतरा बढ़ रहा है। अगर समय रहते नीतिगत और जमीनी स्तर पर ठोस पहलकदमी नहीं हुई, तो भविष्य के समाज और उसमें बच्चों की स्थिति की बस कल्पना भर की जा सकती है।

### अर्ज़ किया है..!

*किस लिए वो शहर की*
*दीवार से सर फोड़ता*
*क़ैस दीवाना सही इतना*
*भी दीवाना न था*

- शहज़ाद अहमद




### सैर-सपाटा

## भारत की हर जगह पर अलग तरह से होता है

# नवरात्रि सेलिब्रेशन

## इन जगहों की आप भी कर आएं सैर

शारदीय नवरात्रि इस साल 3 सितंबर से शुरू होने वाली है और 12 अक्टूबर को दशहरा मनाया जाएगा। इस दौरान देशभर में नवरात्रि की अलग ही धूम होती है। इस पर्व को लेकर लोगों में अलग उत्साह और उमंग होती है। भारत की भी अलग-अलग जगहों पर नवरात्रि सेलिब्रेशन डिफरेंट होता है। ऐसे में आप भारत की इन जगहों पर नवरात्रि के दौरान सैर कर सकते हैं।

### गुजरात

गुजरात की नवरात्रि देखने लायक होती है। इस दौरान पूरे शहर में गरबा और डांडिया जैसे अलग-अलग प्रोग्राम होते हैं। यहां पर पुरुष, महिलाएं और बच्चे देवी शक्ति की मूर्ति की परिक्रमा करते हुए गरबा रास में भाग लेते हैं। यहां पर ग्रुप गरबा देर रात तक चलता रहता है। आपको एक बार नवरात्रि के दौरान यहां की सैर करनी चाहिए।

### मुंबई

मुंबई में 9 दिनों के दौरान विवाहित महिलाएं कुछ अनुष्ठान करने के लिए एक मिलन समारोह का आयोजन करती हैं। इस दौरान महिलाएं अपने माथे पर कुमकुम और हल्दी लगाती हैं और एक दूसरे को गिफ्ट देते हैं। मुंबई में डांडिया और गरबा नाइट भी देखने लायक है। इनमें सेलिब्रिटीज भी हिस्सा लेते हैं।

### कोलकाता

कोलकाता में दुर्गा पूजा शहर में नवरात्रि मनाने का एक फेमस तरीका है। इस दौरान यहां पर अलग-अलग पंडाल तैयार किए जाते हैं जिनमें देवी की बड़ी मूर्ति को स्थापित किया जाता है। जो लोग नवरात्रि के समय कहीं घूमने जाना चाहते हैं तो कोलकाता जाएं। आपको एक अलग एक्सपीरियंस मिलेगा।



### वाराणसी

वाराणसी में नवरात्रि का त्योहार बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। ये उत्सव लगभग एक महीने तक चलता है। यहां पर रामलीला का मंचन करने की परंपरा है।

### आंध्र प्रदेश

आंध्र प्रदेश में नवरात्रि को बथुकम्मा पांडुगा के रूप में मनाया जाता है। ये उत्सव देवी गौरी को समर्पित है और देवी की मूर्ति बथुकम्मा नाम के फूल के ढेर में स्थापित की जाती है।

New Delhi

# पानी ने मचाई तबाही, नेपाल में भारी बारिश-बाढ़ से 170 की मौत, बिहार में रौद्र हुईं कोसी-गंडक, 30 लाख प्रभावित

**पटना/नई दिल्ली/काठमांडू। नेपाल की भारी बारिश भारत में भी कहर बरपा रही है। बाढ़ के कारण जहां नेपाल में 170 लोगों की मौत हो चुकी है, वहीं नदियां उफनाने के बाद इसका असर बिहार में भी दिख रहा है। बैराजों के गेट खोलने पड़े हैं, जिससे गंगा, कोसी, गंडक, समेत कई नदियां उफान पर हैं। 26 जिलों में बाढ़ का कहर है।**

भारी बारिश, बाढ़ व भूस्खलन के कारण नेपाल में दो दिन में 170 लोगों की मौत हो गई, जबकि 55 लापता हैं। मृतकों में एक बस में सवार 19 लोग व प्रशिक्षण शिविर में मौजूद छह फुटबॉल खिलाड़ी शामिल हैं। नेपाल सरकार ने तीन दिनों तक स्कूलों में छुट्टी के निर्देश दिए हैं। मौसम विभाग ने मंगलवार तक वर्षा जारी रहने के अनुमान लगाया है। सशस्त्र पुलिस बल के अनुसार, तेज बारिश के कारण पूर्वी व मध्य नेपाल का बड़ा हिस्सा शुक्रवार से जलमग्न है। कई राजमार्ग व सड़कें अवरुद्ध हैं। कम से कम 322 मकान व 16 पुल क्षतिग्रस्त हो गए हैं। राहत व बचाव कार्य में हेलिकॉप्टर भी लगाए गए हैं। 3,661 लोगों को बचाया गया है। राहत कार्य के दौरान 101 लोग घायल भी हुए हैं। काठमांडू घाटी में सबसे ज्यादा 48 लोगों की मौत हुई है, जबकि 45 घायल हुए हैं। झयाप्ले नदी में भूस्खलन के कारण काठमांडू में प्रवेश व निकासी अवरुद्ध हो गई है। लोगों का कहना है, उन्होंने काठमांडो घाटी में पिछले 40-45 साल में इतनी विनाशकारी बाढ़ नहीं देखी। आपदा जोखिम न्यूनीकरण प्रबंधन प्राधिकरण ने 77 में से 56 जिलों के लिए चेतावनी जारी की है।



Uttarakhand

## रिटायर टीचर को डिजिटल अरेस्ट कर 2 करोड़ से ज्यादा की ठगी



**देहरादून, (एजेंसी)** रिटायर टीचर को डिजिटल अरेस्ट कर दो करोड़ रुपयों से साइबर ठगी का मामला सामने आया है। ठगी के नए तरीकों को जानकर पुलिस भी हैरान रह गई। यह पूरा हैरान करने वाला मामला देहरादून में सामने आया है।

मनी लाड्रिंग के झांसे में फंसाकर साइबर ठगों ने देहरादून के रिटायर अध्यापक को नौ दिन तक डिजिटल अरेस्ट बताकर उनसे दो करोड़ 27 लाख रुपये हड़प लिए। आरोपियों ने खुद को मुंबई पुलिस का अधिकारी बताकर पीड़ित को गिरफ्तारी का भय दिखाया।

साइबर थाना पुलिस ने इस मामले में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।चमन विहार निवासी महिपाल सिंह ने बताया कि उन्हें मुंबई साइबर क्राइम के नाम से फोन आया और इसके बाद सब इंस्पेक्टर बताकर विनोय कुमार चौबे से बात कराई गई।

आरोपी ने एक मुकदमे के संबंध में वीडियो कॉल पर बात करने को कहा। थोड़ी देर बाद विनोय कुमार ने वीडियो काल कर कहा कि आपके आधार कार्ड और मोबाइल नंबर से एक बैंक खाता खोला गया है, जिसमें अपराध से संबंधित मनी लाड्रिंग का 20 लाख रुपये का लेनदेन हुआ है। आरोपी ने डरा-धमकाकर कहा कि आपके नाम से अरेस्ट वारंट निकला है, आपको 24 घंटे में गिरफ्तार कर लिया जाएगा। साथ ही कहा कि मामला नेशनल सिक्योरिटी से जुड़ा है ऐसे में यदि घटना के बारे में किसी को बताया तो उन्हें जेल और पेनल्टी हो सकती है।

Keral

## कार का एक्सीडेंट, एयरबैग खुला लेकिन मां की गोद में बैठी बच्ची की दम घुटने से हो गई मौत

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** केरल के मलप्पुरम जिले में शुक्रवार को एक हैरान करने वाला सड़क हादसा हुआ. जहां एक कार के एक्सीडेंट के बाद एयरबैग खुलने के बावजूद दो साल की बच्ची की दम घुटने से मौत हो गई. पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी. अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना उस वक्त हुई जब बच्ची अपने परिवार के साथ कोट्टक्कल से पदपराम्बु जा रही थी. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि कार एक टैंकर से टकरा गई. टक्कर के कारण एयरबैग खुल गया. लेकिन मां की गोद में आगे की सीट पर बैठी बच्ची का चेहरा एयरबैग में दब गया, जिसके कारण दम घुटने से उसकी मौत हो गई. पुलिस ने बताया कि मां समेत अन्य चार यात्रियों को मामूली चोटें आई हैं. एयरबैग आमतौर पर पॉलिएस्टर की तरह की मजबूत टेक्सटाइल या कपड़े से बना एक गुब्बारे जैसा कवर होता है. इसे ख़ास मैटेरियल से टेनसिल स्ट्रेंथ (कपड़े की मजबूती) के लिए डिजाइन किया जाता है ताकि दुर्घटना के समय यात्रियों को सुरक्षित रखा जा सके. ये कार में किसी सेफ्टी कुशन की तरह काम करता है, जैसे ही वाहन से कोई इम्पैक्ट या टक्कर होती है ये सिस्टम एक्टिव हो जाता है.

Jharkhand

## सिंदूर की डिब्बी लेकर महिला को दौड़ाने लगा मनचला, मांग भरने की कोशिश; चिल्लाने पर जुटी भीड़

**बोकारो, (एजेंसी) झारखंड से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। दरअसल, बोकारो के एक मॉल से महिला बाहर निकली। महिला के पीछे-पीछे एक युवक चलने लगा। वह मैडम-मैडम कह कर उसे रोकने की कोशिश करने लगा। महिला युवक को नजरअंदाज कर आगे बढ़ने लगी। तभी युवक उसे दौड़ाने लगा। महिला के सामने आकर उसने अपनी जेब से एक डिब्बी निकाली। डिब्बी में सिंदूर था। सिंदूर निकालते ही वह महिला की मांग भरने की कोशिश करने लगा। यह सब देखकर महिला जोर से चिल्लाने लगी। उसने युवक को धक्का दिया जिससे कि वह गिर गया।**

जानकारी के मुताबिक, मनचले युवक की इस हिमाकत से अवाक महिला के शोर मचाने पर बोकारो मॉल के पास मौजूद भीड़ ने मनचले की जमकर धुनाई कर दी। फिर स्थानीय सिटी पुलिस को बुलाकर उसके हवाले कर दिया गया। दरअसल, सेक्टर चार निवासी महिला बोकारो मॉल से मार्केटिंग कर पैदल घर जा रही थी। इस क्रम में आरोपी युवक मैडम मैडम संबोधित करता हुआ रोकने का प्रयास कर रहा था। उसकी बातों को नजरअंदाज कर महिला चलती जा रही थी। इस बीच आरोपी युवक दौड़कर उसके सामने जा खड़ा हुआ और उससे शादी कर लेने की जिद करने लगा।

खेल

# आखिरी मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने मारी बाजी इंग्लैंड के खिलाफ रोमांचक सीरीज 3-2 से जीती




**नई दिल्ली, (एजेंसी)** ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को इंग्लैंड को पांचवें और अंतिम वनडे में बारिश से प्रभावित मैच में डकवर्थ लुईस नियम के तहत 49 रनों से मात दी। इस जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया ने पांच मैचों की वनडे सीरीज 3-2 से जीती। पांचवें मैच में इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 49.2 ओवर में सभी विकेट खोकर 309 रन बनाए, इसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने बारिश की वजह से मैच रुकने से पहले 20.4 ओवर में ही दो विकेट खोकर 165 रन बना लिए थे। डकवर्थ लुईस नियम के तहत जब मैच रुका तो ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 116/2 होना चाहिए था लेकिन टीम 49 रनों से आगे थी। 21वें ओवर मैच में रुकने के बाद दोबारा शुरू नहीं हो सका और करीब एक घंटे इंतजार करने के बाद अंपायर्स ने ऑस्ट्रेलिया को विजेता घोषित कर दिया।

इंग्लैंड द्वारा मिले 310 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की टीम की शुरुआत शानदार रही थी। मैथ्यू शार्ट और ट्रेविस हेड के बीच पहले विकेट के लिए 43 गेंद में 78 रन की साझेदारी हुई। हेड 31 रन बनाकर आउट हुए। शार्ट ने 30 गेंद में 58 रन बनाए। कप्तान स्टीव स्मिथ 36 और जोश इंग्लिस 28 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। बारिश की वजह से मैच रुकने से पहले ऑस्ट्रेलिया ने 20.4 ओवर में दो विकेट खोकर 165 रन बना लिए थे। टीम को जीत के लिए 29.2 ओवर में 145 रन चाहिए थे। लेकिन बारिश की वजह से खेल दोबारा शुरू नहीं हो सका और ऑस्ट्रेलिया ने डकवर्थ लुईस नियम के तहत 49 रनों से मैच अपने नाम किया। इससे पहले बेन डकेट की शतकीय पारी के दम पर इंग्लैंड ने पांच मैचों की सीरीज के आखिरी वनडे मैच में रविवार को ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 310 रन का लक्ष्य दिया था। इंग्लैंड की टीम 49.2 ओवर में 309 रन पर आउट हो गई। डकेट ने 91 गेंद में 107 रन की पारी के दौरान 13 चौके और दो छक्के जड़े। उन्होंने पहले विकेट के लिए फिल सॉल्ट (27 गेंद में 45 रन) के साथ 42 गेंद में 58 रन और फिर हैरी ब्रुक्स के साथ तीसरे विकेट के लिए 98 गेंद में 132 रन की साझेदारी की। ब्रुक्स ने 52 गेंद की पारी में सात छक्के और तीन चौके की मदद से 72 रन बनाए। इंग्लैंड की टीम पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर 25वें ओवर में दो विकेट पर 200 रन पूरे कर बेहद मजबूत स्थिति में थे लेकिन एडम जंपा ने ब्रुक को आउट किया जिसके बाद टीम की पारी लड़खड़ा गई।

कामचलाऊ स्पिनर ट्रेविस हेड ने डकेट सहित चार बल्लेबाजों को पवेलियन की राह दिखायी। हेड ने 6.2 ओवर में 28 रन देकर चार विकेट लिए। जंपा, ग्लेन मैक्सवेल और आरोन हार्डी ने दो-दो विकेट लिये। जंपा ने 10 ओवर में 74 रन दिए, उनके खिलाफ ब्रुक्स ने पांच छक्के जड़े।

सिनेमा

## मिथुन चक्रवर्ती को मिलेगा दादा साहेब फाल्के पुरस्कार, केंद्रीय मंत्री बोले- उनकी सिनेमाई यात्रा पीढ़ियों को प्रभावित करती है



लेजेंडरी एक्टर मिथुन चक्रवर्ती को इंडियन सिनेमा में उनके योगदान के लिए दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा. एक्टर को ये अवॉर्ड 8 अक्टूबर 2024 को 70वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड सेरेमनी के दौरान प्रेजेंट किया जाएगा. केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक्टर को ये सम्मान दिए जाने का ऐलान किया है. केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्लेटफॉर्म X पर लिखा- कोलकाता की सड़कों से सिनेमा की दुनिया में ऊंचाई छूने तक. मिथुन दा की सिनेमाई जर्नी ने हर जेनरेशन को इंस्पायर किया है. मैं ये ऐलान करते हुए सम्मानित महसूस कर रहा हूं कि दादा साहेब फाल्के सेलेक्शन जूरी ने मिथुन चक्रवर्ती को इंडियन सिनेमा में उनके अहम योगदान के लिए सम्मानित करने का फैसला किया है.

मिथुन की फिल्म इंडस्ट्री में जर्नी इंस्पिरेशनल रही है. उनकी हिट फिल्मों में डिस्को डांसर, अग्निपथ शामिल हैं. कोलकाता में जन्म मिथुन पेशे से एक्टर, प्रोड्यूसर और पॉलिटिशियन हैं. एक्टर 350 से ज्यादा फिल्मों में नजर आए हैं. इनमें हिंदी, बंगाली, तमिल, तेलुगू, कन्नड़, पंजाबी मूवीज शामिल हैं. साल 1977 में फिल्म Mrigayaa से मिथन ने एक्टिंग डेब्यू किया था. पहली ही फिल्म के लिए उन्हें बेस्ट एक्टर का नेशनल अवॉर्ड मिला था.

## Highlights

1. 'BJP has made Delhi the capital of gangsters' posters seen at ITO
2. Anupam Kher replaces Gandhi in fake notes worth ₹1.6 crore seized in Gujarat
3. Finance manager dies by suicide due to work stress in UP
4. J&K policeman Bashir kills terrorist after being shot during encounter, attains Veergati
5. Anything can happen: Anupam Kher after fake notes feature him not Gandhi in Gujarat
6. BookMyShow CEO Ashish skips Mumbai Police's 1st summons over Coldplay tickets

# Why Indian stock market is likely to be volatile in October? Hint: US elections

**NEW DEIHI, (Agency).** Indian stock market opened with a decline today (September 30) as the upcoming US election increases volatility in equities worldwide. The Nifty 50 index opened at 26,061.30 points, down by 0.45 per cent or 117.65 points while BSE Sensex fell by 363 points or 0.42 per cent during the opening, settling at 85,208.76 points.

All sectors opened in the red except Nifty Metal, Nifty FMCG, and Nifty Pharma. The top gainers of the Nifty 50 include NTPC, Hindalco, BPCL, JSW Steel, and Tata Steel while top losers include Hero MotoCorp, Tech Mahindra, Infosys, Nestle India, and ICICI Bank.

How US elections will impact Indian stock market?

Experts said that volatility in the stock market tends to increase due to the US presidential elections. However, the




stock rally to return once the elections conclude, they said.

Ajay Bagga, banking and market expert, said, "India is a beneficiary of the rate cuts as a vibrant emerging market. We are entering a historically weak month for US equities, which normally weaken going into the Presidential Elections and then rally, irrespective of the result for the US Presidency, the Senate and the US House of Representatives."

He said, "The close contest this time around raises the specter of many days and weeks of uncertainty and recounts in close, swing states. That will lead to market volatility for sure. Fasten seatbelts for a very interesting October but stay invested. It's not going to be an easy October nor a one-way market"

How are global stock markets performing?

In the Asian markets, Chinese and Hong Kong markets rallied due to stimulus measures unleashed on both the monetary and fiscal policy fronts.

# China's BYD recalls 97,000 top-selling EVs owing to major manufacturing fault

**NEW DEIHI, (Agency).** BYD has informed the Chinese regulator it is recalling nearly 97,000 electric vehicles (EVs) for a manufacturing fault involving a steering control unit that could lead to fire risks, the market regulator said on Sunday.

The Chinese automaker is recalling Dolphin and Yuan Plus EVs manufactured in China between November 2022 and December 2023, according to a statement from the State Administration for Market Regulation (SAMR).



BYD did not immediately respond to a request for comment.

The company would ask its dealers to install a physical fix in the recalled cars, the SAMR statement added.

It did not elaborate if any of the affected EVs were exported.

Dolphin and Yuan Plus were BYD's two top-selling models in 2023, which in total accounted for 26% of its 3 million cars sold in the year, according to data from the China Association of Automobile Manufacturers.

The recall is a rare one by BYD of its pure electric and plug-in hybrid cars as the Chinese company grew rapidly to become the world's biggest seller of such vehicles.

# इंदौर-बैतूल हाईवे पर ओवरलोड डंपर फंसने से रास्ता जाम, रातभर खड़ी रहीं बसें और वाहन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर-बैतूल हाईवे पर खातेगांव क्षेत्र के संदलपुर फाटा में फोरलेन के अधूरे निर्माण वाले रास्ते में ओवरलोड डंपर फंसने से रविवार देर रात रास्ता जाम हो गया। देखते ही देखते वाहनों की लंबी कतार लगने लगी। लंबी दूरी की यात्री बसें भी फंस गई जिससे यात्रियों को दिक्कत का सामना करना पड़ा।**



वाहन चालक राजेश यादव, शफी आदि ने बताया सूचना मिलने के बाद पुलिस पहुंची और स्थिति देखकर लौट गई। बाद में सुबह तक किसी प्रकार की कोई मदद नहीं मिलने पर वाहन चालकों ने स्वयं रूपये एकत्रित किए और जेसीबी मशीन को बुलवाकर पास में खोदाई करवाई जिससे धीरे-धीरे आवागमन सुबह करीब 8.30 बजे सुचारू हुआ।

यात्रियों के अनुसार सुबह सबसे अधिक परेशानी आस-पास कोई सुविधाघर नहीं होने के कारण उठाना पड़ी। वही रात में चाय नाश्ते की कोई सुविधा नहीं थी। उधर रास्ता जाम होने के कारण सोमवार सुबह जब निजी स्कूलों की बसें भी इसमें फंस गई तो कई स्कूल संचालकों ने उसे क्षेत्र से आने वाले विद्यार्थियों का अवकाश घोषित कर दिया। बड़ी संख्या में विद्यार्थी स्कूलों तक नहीं पहुंच पाए थे।

# शराब के लिए किया हमला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। एक बदमाश ने शराब पीने के पैसे न देने पर एक युवक पर हमला कर घायल कर दिया। कनाड़िया पुलिस के मुताबिक अड़ीबाजी की वारदात भूरी टेकरी क्षेत्र में हुई। वारदात फरियादी कमलेश पिता छीतर धनगर निवासी भूरी टेकरी के साथ हुई। उसकी रिपोर्ट पर आरोपी मनोज बसोड़ और उसके बेटे के खिलाफ केस दर्ज किय गया। फरियादी ने पुलिस को बताया कि मुझे आरोपी मनोज ने रोका और कहने लगा शराब पीना है तू मुझे शराब पीने के लिए पैसे दे। मैंने उससे कहा कि मैं तुझे शराब पीने के लिए पैसे क्यों दूं मेरे पास पैसे नहीं है। इस पर आरोपी ने गालियां दी और बोला कि तू मुझे पैसे देने से कैसे मना कर सकता है तू मुझे जानता नहीं है मैं भूरी टेकरी का गुंडा हूं। ये कहकर उसने लात घूसों से पीटना शुरू कर दिया। मैं चिल्लाया तो आवाज सुनकर आरोपी का लडक़ा भी डडे लेकर दौड़ते हुए आया। फिर दोनों ने मिलकर डंडों से हमला कर दिया। हमले के बाद आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी और भाग गए. पुलिस का कहना है कि आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी गई है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक